आचार्य हेमचन्द्र-रचित
सूत्रों पर आधारित

प्राकृत-हिन्दी-व्याकरण

(भाग-1)

संपादन
डॉ. कमलचन्द सोगाणी

लेखिका
श्रीमती शकुन्तला जैन

प्रकाशक

अपभ्रंश साहित्य अकादमी
जैनविद्या संस्थान
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी
राजस्थान

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य हेमचन्द्र-रचित
सूत्रों पर आधारित
प्राकृत-हिन्दी-व्याकरण
(भाग-1)

संपादन
डॉ. कमलचन्द सोगाणी
निदेशक
जैनविद्या संस्थान-अपभ्रंश साहित्य अकादमी

लेखिका
श्रीमती शकुन्तला जैन
सहायक निदेशक
अपभ्रंश साहित्य अकादमी

प्रकाशक
अपभ्रंश साहित्य अकादमी
जैनविद्या संस्थान
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी
राजस्थान

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

◈ प्रकाशक

अपभ्रंश साहित्य अकादमी

जैनविद्या संस्थान

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी

श्री महावीरजी - 322 220 (राजस्थान)

दूरभाष - 07469-224323

◈ प्राप्ति-स्थान

1. साहित्य विक्रय केन्द्र, श्री महावीरजी

2. साहित्य विक्रय केन्द्र

दिगम्बर जैन नसियाँ भट्टारकजी

सवाई रामसिंह रोड, जयपुर - 302 004

दूरभाष - 0141-2385247

◈ प्रथम संस्करण : सितम्बर, 2012

◈ सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

◈ मूल्य -500 रुपये

◈ पृष्ठ संयोजन

फ्रैण्ड्स कम्प्यूटर्स

जौहरी बाजार, जयपुर - 302 003

दूरभाष - 0141-2562288

◈ मुद्रक

जयपुर प्रिण्टर्स प्रा. लि.

एम.आई. रोड, जयपुर - 302 001

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
	प्रकाशकीय	v
	प्रारम्भिक	viii
1.	प्राकृत भाषा-संज्ञा शब्दों का विभक्ति-विवरण	1
2.	विशिष्ट शब्द	31
3.	शौरसेनी प्राकृत भाषा	40
4.	मागधी प्राकृत भाषा	44
5.	पैशाची प्राकृत भाषा	45
6.	अर्धमागधी प्राकृत भाषा	46
7.	सर्वनाम शब्दों का विभक्ति-विवरण	48
	परिशिष्ट-1 संज्ञा शब्दों की रूपावली	72
	परिशिष्ट-2 विशिष्ट शब्दों की रूपावली	100
	परिशिष्ट-3 सर्वनाम शब्दों की रूपावली	132
	परिशिष्ट-4 आचार्य हेमचन्द्र-रचित सूत्रों के सन्दर्भ	164
	सम्पादक की कलम से	168
	परिशिष्ट-5 प्राकृत शब्दावली	170
	सम्मतिः अपभ्रंश-हिन्दी-व्याकरण	179
	डॉ. आनन्द मंगल वाजपेयी	
	प्राकृत-व्याकरण संबंधी उपयोगी सूचनाएँ	181
	अपभ्रंश-व्याकरण संबंधी उपयोगी सूचनाएँ	182
	सन्दर्भ ग्रन्थ सूची	183

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आचार्य हेमचन्द्र-रचित

सूत्रों पर आधारित

प्राकृत-हिन्दी-व्याकरण

(भाग-1)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

'प्राकृत-हिन्दी-व्याकरण (भाग-1)' अध्ययनार्थियों के हाथों में समर्पित करते हुए हमें हर्ष का अनुभव हो रहा है।

तीर्थंकर महावीर ने जनभाषा 'प्राकृत' में उपदेश देकर सामान्यजन के लिए विकास का मार्ग प्रशस्त किया। भाषा संप्रेषण का सबल माध्यम होती है। उसका जीवन से घनिष्ठ सम्बन्ध होता है। जीवन के उच्चतम मूल्यों को जनभाषा में प्रस्तुत करना प्रजातान्त्रिक दृष्टि है।

प्राकृत भाषा भारतीय आर्य परिवार की एक सुसमृद्ध लोकभाषा रही है। वैदिक काल से ही यह लोकभाषा के रूप में प्रतिष्ठित रही है। इसका प्रकाशित, अप्रकाशित विपुल साहित्य इसकी गौरवमयी गाथा कहने में समर्थ है। भारतीय लोक-जीवन के बहुआयामी पक्ष दार्शनिक एवं आध्यात्मिक परम्पराएं प्राकृत साहित्य में निहित है। तीर्थंकर महावीर के युग में और उसके बाद विभिन्न प्राकृतों का विकास हुआ, वे हैं- महाराष्ट्री प्राकृत(प्राकृत), शौरसेनी प्राकृत, अर्धमागधी प्राकृत, मागधी प्राकृत और पैशाची प्राकृत। इनमें से तीन प्रकार की प्राकृतों का नाम साहित्य के क्षेत्र में गौरव के साथ लिया जाता हैं, वे हैं- **महाराष्ट्री प्राकृत, शौरसेनी प्राकृत तथा अर्धमागधी प्राकृत**। महावीर की दार्शनिक आध्यात्मिक परम्परा शौरसेनी व अर्धमागधी प्राकृत में रचित है और काव्यों की भाषा सामान्यतः महाराष्ट्री प्राकृत कही गई है। यह प्राकृत भाषा ही अपभ्रंश भाषा के रूप में विकसित होती हुई प्रादेशिक भाषाओं एवं हिन्दी का स्रोत बनी।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि प्राकृत भाषा को सीखना-समझना अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इसी बात को ध्यान में रखकर अपभ्रंश-प्राकृत साहित्य के अध्ययन-अध्यापन एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी द्वारा संचालित 'जैनविद्या संस्थान' के अन्तर्गत अपभ्रंश साहित्य अकादमी की स्थापना सन् 1988 में की गई। अकादमी का प्रयास है- अपभ्रंश-प्राकृत के अध्ययन-अध्यापन को सशक्त करके उसके सही रूप को सामने रखना जिससे प्राचीन साहित्यिक-निधि के साथ-साथ आधुनिक आर्यभाषाओं के स्वभाव और उनकी सम्भावनाएँ भी स्पष्ट हो सकें।

वर्तमान में प्राकृत भाषा के अध्ययन के लिए पत्राचार के माध्यम से प्राकृत सर्टिफिकेट व प्राकृत डिप्लामो पाठ्यक्रम संचालित हैं, ये दोनों पाठ्यक्रम राजस्थान विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त हैं।

किसी भी भाषा को सीखने, जानने, समझने के लिए उसके रचनात्मक स्वरूप/संरचना को जानना आवश्यक है। प्राकृत के अध्ययन के लिये भी उसकी रचना-प्रक्रिया एवं व्याकरण का ज्ञान आवश्यक है। प्राकृत भाषा को सीखने-समझने को ध्यान में रखकर ही 'प्राकृत रचना सौरभ', 'प्राकृत अभ्यास सौरभ', 'प्राकृत गद्य-पद्य सौरभ (भाग-1)', 'प्रौढ प्राकृत रचना सौरभ (भाग-1)', 'प्रौढ प्राकृत-अपभ्रंश रचना सौरभ (भाग-2)', 'प्राकृत गद्य-पद्य सौरभ (भाग-2)', 'प्राकृत-व्याकरण' 'प्राकृत अभ्यास उत्तर पुस्तक' 'प्राकृत-व्याकरण अभ्यास उत्तर पुस्तक' आदि पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है। **'प्राकृत-हिन्दी-व्याकरण (भाग-1)'** इसी क्रम का प्रकाशन है।

'प्राकृत-हिन्दी-व्याकरण (भाग-1)' प्राकृत भाषा को सीखने-समझने की दिशा में प्रथम व अनूठा प्रयास है। इसका प्रस्तुतिकरण अत्यन्त सहज, सरल, सुबोध एवं नवीन शैली में किया गया है जो विद्यार्थियों के लिए अत्यन्त उपयोगी होगा। इस

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पुस्तक में प्राकृत के संज्ञा-सर्वनाम विभक्तियों को हिन्दी भाषा में सरलता से समझाने का प्रयास किया गया है। यह पुस्तक विश्वविद्यालयों के संस्कृत विभागों के प्राकृत अध्ययनार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी, ऐसी आशा है।

यहाँ यह जानना आवश्यक है कि संस्कृत-ज्ञान के अभाव में भी अध्ययनार्थी **'प्राकृत-हिन्दी-व्याकरण (भाग-1)'** के माध्यम से प्राकृत भाषा का समुचित ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

श्रीमती शकुन्तला जैन एम.फिल. (संस्कृत) ने बड़े परिश्रम से **'प्राकृत-हिन्दी-व्याकरण (भाग-1)'** को तैयार किया है जिससे अध्ययनार्थी प्राकृत भाषा को सीखने में अनवरत उत्साह बनाये रख सकेंगे। अतः वे हमारी बधाई की पात्र हैं।

पुस्तक-प्रकाशन के लिए अपभ्रंश साहित्य अकादमी के विद्वानों विशेषतया श्रीमती शकुन्तला जैन के आभारी हैं जिन्होंने **'प्राकृत-हिन्दी-व्याकरण (भाग-1)'** लिखकर प्राकृत के पठन-पाठन को सुगम बनाने का प्रयास किया है।

पृष्ठ संयोजन के लिए फ्रेण्ड्स कम्प्यूटर्स एवं मुद्रण के लिए जयपुर प्रिण्टर्स धन्यवादार्ह है।

जस्टिस नगेन्द्र कुमार जैन	**पूनमचन्द्र शाह**	**डॉ. कमलचन्द सोगाणी**
अध्यक्ष	संयुक्त मंत्री	संयोजक
प्रबन्धकारिणी कमेटी		जैनविद्या संस्थान समिति
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी		जयपुर

वीर निर्वाण संवत्-2538

20.09.2012

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रारम्भिक

प्राकृत भाषा के सम्बन्ध में निम्नलिखित सामान्य जानकारी आवश्यक है-

प्राकृत की वर्णमाला

स्वर- अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ।

व्यंजन- क, ख, ग, घ, ङ।
च, छ, ज, झ,ञ।
ट, ठ, ड, ढ, ण।
त, थ, द, ध, न।
प, फ, ब, भ, म।
य, र, ल, व।
स, ह।
ं , ँ।

यहाँ ध्यान देने योग्य है कि असंयुक्त अवस्था में **ङ** और **ञ** का प्रयोग प्राकृत भाषा में नहीं पाया जाता है। हेमचन्द्र कृत प्राकृत व्याकरण में **ङ** और **ञ** का संयुक्त प्रयोग उपलब्ध है। न का भी संयुक्त और असंयुक्त अवस्था में प्रयोग देखा जाता है। **ङ, ञ, न** के स्थान पर संयुक्त अवस्था में अनुस्वार भी विकल्प से होता है। शब्द के अंत में स्वररहित व्यंजन नहीं होते हैं।

वचन

प्राकृत भाषा में दो ही वचन होते हैं- एकवचन और बहुवचन।

लिंग

प्राकृत भाषा में तीन लिंग होते हैं- पुल्लिंग, नपुंसकलिंग और स्त्रीलिंग।

पुरुष

प्राकृत भाषा में तीन पुरुष होते हैं- उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष, अन्य पुरुष।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विभक्ति

प्राकृत भाषा में संज्ञा में आठ विभक्तियाँ होती हैं और सर्वनाम में सात विभक्तियाँ होती हैं। सर्वनाम में संबोधन विभक्ति नहीं होती है।

	विभक्ति	प्रत्यय-चिह्न
1.	प्रथमा	ने
2.	द्वितीया	को
3.	तृतीया	से, (के द्वारा)
4.	चतुर्थी	के लिए
5.	पंचमी	से (पृथक् अर्थ में)
6.	षष्ठी	का, के, की
7.	सप्तमी	में, पर
8.	सम्बोधन	हे

क्रिया

प्राकृत भाषा में दो प्रकार की क्रियाएँ होती हैं- सकर्मक और अकर्मक।

काल

प्राकृत भाषा में चार प्रकार के काल वर्णित हैं-

1. वर्तमानकाल
2. भूतकाल
3. भविष्यत्काल
4. विधि एवं आज्ञा

शब्द

प्राकृत भाषा में छह प्रकार के शब्द पाए जाते हैं-

1. अकारान्त
2. आकारान्त
3. इकारान्त
4. ईकारान्त
5. उकारान्त
6. ऊकारान्त

❑❑❑

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्राकृत-हिन्दी-व्याकरण
में प्रयुक्त
संज्ञा शब्द

(क) पुल्लिंग शब्द - देव, हरि, गामणी, साहु, सयंभू
(ख) नपुंसकलिंग शब्द - कमल, वारि, महु
(ग) स्त्रीलिंग शब्द - कहा, मइ, लच्छी, धेणु, बहू

पुल्लिंग

अकारान्त पुल्लिंग-**देव**
इकारान्त पुल्लिंग-**हरि**
ईकारान्त पुल्लिंग-**गामणी**
उकारान्त पुल्लिंग-**साहु**
ऊकारान्त पुल्लिंग-**सयंभू**

नपुंसकलिंग

अकारान्त नपुंसकलिंग-**कमल**
इकारान्त नपुंसकलिंग-**वारि**
उकारान्त नपुंसकलिंग-**महु**

स्त्रीलिंग

आकारान्त स्त्रीलिंग-**कहा**
इकारान्त स्त्रीलिंग-**मइ**
ईकारान्त स्त्रीलिंग-**लच्छी**
उकारान्त स्त्रीलिंग-**धेणु**
ऊकारान्त स्त्रीलिंग-**बहू**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विशिष्ट शब्द

प्राकृत भाषा में उपर्युक्त तेरह प्रकार के संज्ञा शब्दों के अतिरिक्त विशेष शब्दों का भी प्रयोग होता है जिनके रूप विशेष प्रकार से चलते हैं।

1. संज्ञावाचक पुल्लिंग शब्द - **पिउ** (पिता)
2. विशेषणात्मक पुल्लिंग शब्द - **कत्तु** (करनेवाला)
3. स्त्रीलिंग शब्द - **माउ** (माता)
4. पुल्लिंग शब्द - **अप्प, अत्त** (आत्मा)
5. पुल्लिंग शब्द - **राय/राअ** (राजा)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्राकृत भाषा

संज्ञा शब्दों का विभक्ति-विवरण

अकारान्त (पु.)

प्रथमा एकवचन 1/1

1. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के प्रथमा विभक्ति एकवचन में **'ओ'** प्रत्यय जोड़ा जाता है। जैसे-

देव (पु.) (देव+ओ) = **देवो** (प्रथमा एकवचन)

अकारान्त (पु.)

प्रथमा बहुवचन 1/2

2. (i) **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के प्रथमा विभक्ति बहुवचन में **अन्त्य स्वर 'दीर्घ'** हो जाता है। जैसे-

देव (पु.) देव **का अन्त्य स्वर दीर्घ होने पर** = **देवा** (प्रथमा बहुवचन)

द्वितीया बहुवचन 2/2

(ii) **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के द्वितीया विभक्ति बहुवचन में **अन्त्य स्वर का 'दीर्घ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

देव (पु.) देव **का अन्त्य स्वर दीर्घ और ए होने पर** = **देवा, देवे**

(द्वितीया बहुवचन)

अकारान्त (पु.)

द्वितीया एकवचन 2/1

3. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के द्वितीया विभक्ति एकवचन में **अनुस्वार (ं)** जोड़ा जाता है। जैसे-

देव (पु.) (देव+ं) = **देवं** (द्वितीया एकवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अकारान्त (पु.)

तृतीया एकवचन 3/1

4. (i) **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के तृतीया विभक्ति एकवचन में अन्त्य **'अ'** का **'ए'** करके उसमें **'ण'** और **'णं'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-

देव (पु.) (देवे+ण, णं) = **देवेण, देवेणं** (तृतीया एकवचन)

षष्ठी बहुवचन 6/2

(ii) **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के षष्ठी विभक्ति बहुवचन में अन्त्य **'अ'** का **'आ'** करके उसमें **'ण' और 'णं'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-

देव (पु.) (देवा+ण, णं) = **देवाण, देवाणं** (षष्ठी बहुवचन)

अकारान्त (पु.)

तृतीया बहुवचन 3/2

5. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के तृतीया विभक्ति बहुवचन में अन्त्य **'अ'** का **'ए'** करके उसमें **'हि', 'हिँ'** और **'हिं'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-

देव (पु.)(देवे+हि,हिँ,हिं) = **देवेहि, देवहिँ, देवेहिं** (तृतीया बहुवचन)

अकारान्त (पु.)

पंचमी एकवचन 5/1

6. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के पंचमी विभक्ति एकवचन में अन्त्य **'अ'** का **'आ'** करके उसमें **'त्तो', 'दो→ओ', 'दु→उ', 'हि', 'हिन्तो'** और **'शून्य'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-

देव (पु.) (देवा+त्तो, ओ, उ, हि, हिन्तो, 0) = **देवात्तो→देवत्तो, देवाओ, देवाउ, देवाहि, देवाहिन्तो, देवा** (पंचमी एकवचन)

नोट- दीर्घ स्वर के आगे यदि संयुक्त अक्षर हो तो दीर्घ स्वर का ह्रस्व हो जाता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अकारान्त (पु.)

पंचमी बहुवचन 5/2

7.(i) **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के पंचमी विभक्ति बहुवचन में अन्त्य **'अ'** का **'आ'** करके उसमें **'त्तो'**, **'दो→ओ'**, **'दु→उ'**, **'हि'**, **'हिन्तो'** और **'सुन्तो'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-

देव (पु.) (देवा+त्तो, ओ, उ, हि, हिन्तो, सुन्तो) = **देवात्तो→देवत्तो, देवाओ, देवाउ, देवाहि, देवाहिन्तो, देवासुन्तो** (पंचमी बहुवचन)

नोट- दीर्घ स्वर के आगे यदि संयुक्त अक्षर हो तो दीर्घ स्वर का ह्रस्व हो जाता है।

(ii) **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के पंचमी विभक्ति बहुवचन में अन्त्य **'अ'** का **'ए'** करके उसमें **'हि'**, **'हिन्तो'** और **'सुन्तो'** प्रत्यय भी जोड़े जाते हैं। जैसे-

देव (पु.) (देवे+हि, हिन्तो, सुन्तो)= **देवेहि, देवेहिन्तो, देवेसुन्तो** (पंचमी बहुवचन)

अकारान्त (पु.)

षष्ठी एकवचन 6/1

8. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के षष्ठी विभक्ति एकवचन में **'स्स'** प्रत्यय जोड़ा जाता है। जैसे-

देव (पु.) (देव+स्स) = **देवस्स** (षष्ठी एकवचन)

अकारान्त (पु.)

सप्तमी एकवचन 7/1

9. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के सप्तमी विभक्ति एकवचन में **'ए'** और **'म्मि'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-

देव (पु.) (देव+ए, म्मि) = **देवे, देवम्मि** (सप्तमी एकवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अकारान्त (पु.)

सप्तमी बहुवचन 7/2

10. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के सप्तमी विभक्ति बहुवचन में अन्त्य **'अ'** का **'ए'** करके उसमें **'सु'** और **'सुं'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-

देव (पु.) (देवे+सु, सुं) = **देवेसु, देवेसुं** (सप्तमी बहुवचन)

इकारान्त-ईकारान्त, उकारान्त-ऊकारान्त (पु.)

इकारान्त, उकारान्त (नपुं.)

इकारान्त-ईकारान्त, उकारान्त-ऊकारान्त (स्त्री.)

(क) **तृतीया बहुवचन** 3/2(ख) **पंचमी बहुवचन** 5/2(ग) **सप्तमी बहुवचन** 7/2

11.(क) **प्राकृत भाषा** में इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त पुल्लिंग, इकारान्त-उकारान्त नपुंसकलिंग व इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के तृतीया विभक्ति बहुवचन में **'हि'**, **'हिं'** और **'हिं'** प्रत्यय जोड़ने पर **ह्रस्व स्वर का दीर्घ हो जाता है और दीर्घ दीर्घ ही रहता है।** जैसे-

तृतीया बहुवचन 3/2

हरि (पु.)(हरि+हि, हिँ, हिं) = **हरीहि, हरीहिं, हरीहिं** (तृतीया बहुवचन)

गामणी(पु.)(गामणी+हि,हिँ, हिं) = **गामणीहि, गामणीहिं, गामणीहिं** (तृतीया बहुवचन)

साहु (पु.)(साहु+हि, हिँ, हिं)=**साहूहि, साहूहिं, साहूहिं** (तृतीया बहुवचन)

सयंभू (पु.)(सयंभू+हि, हिँ, हिं)=**सयंभूहि, सयंभूहिं, सयंभूहिं** (तृतीया बहुवचन)

वारि (नपुं.)(वारि+हि, हिँ, हिं)=**वारीहि, वारीहिं, वारीहिं** (तृतीया बहुवचन)

महु (नपुं.)(महु+हि, हिँ, हिं) = **महूहि, महूहिं, महूहिं** (तृतीया बहुवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

मइ (स्त्री.)(मइ+हि, हिँ, हिं)= **मईहि, मईहिँ, मईहिं** (तृतीया बहुवचन)
लच्छी(स्त्री.)(लच्छी+हि,हिँ,हिं)=**लच्छीहि, लच्छीहिँ, लच्छीहिं** (तृतीया बहुवचन)

धेणु (स्त्री.)(धेणु+हि, हिँ, हिं)=**धेणूहि, धेणूहिँ, धेणूहिं** (तृतीया बहुवचन)
बहू (स्त्री.) (बहू+हि, हिँ, हिं)= **बहूहि, बहूहिँ, बहूहिं** (तृतीया बहुवचन)

(ख) **प्राकृत भाषा** में इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त पुल्लिंग, इकारान्त-उकारान्त नपुंसकलिंग व इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के पंचमी विभक्ति बहुवचन में **'त्तो', 'ओ', 'उ', 'हिन्तो'** और **'सुन्तो'** प्रत्यय जोड़ने पर **ह्रस्व स्वर का दीर्घ हो जाता है और दीर्घ दीर्घ ही रहता है।** जैसे-

पंचमी बहुवचन 5/2

हरि (पु.) (हरि+त्तो, ओ, उ, हिन्तो, सुन्तो)= **हरीत्तो→हरित्तो, हरीओ, हरीउ, हरीहिन्तो, हरीसुन्तो** (पंचमी बहुवचन)
गामणी (पु.) (गामणी+त्तो, ओ, उ, हिन्तो, सुन्तो) =
गामणीत्तो→ गामणित्तो, गामणीओ, गामणीउ, गामणीहिन्तो, गामणीसुन्तो (पंचमी बहुवचन)

साहु (पु.) (साहु+त्तो, ओ, उ, हिन्तो, सुन्तो) = **साहूत्तो→साहुत्तो, साहूओ, साहूउ, साहूहिन्तो, साहूसुन्तो** (पंचमी बहुवचन)
सयंभू (पु.) (सयंभू+त्तो, ओ, उ, हिन्तो, सुन्तो) =
सयंभूत्तो→सयंभुत्तो, सयंभूओ, सयंभूउ, सयंभूहिन्तो, सयंभूसुन्तो (पंचमी बहुवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वारि (नपुं.) (वारि+त्तो, ओ, उ, हिन्तो, सुन्तो) = **वारीत्तो→वारित्तो, वारीओ, वारीउ, वारीहिन्तो, वारीसुन्तो** (पंचमी बहुवचन)

महु (नपुं.)(महु+त्तो, ओ, उ, हिन्तो, सुन्तो) = **महूत्तो→महुत्तो, महूओ, महूउ, महूहिन्तो, महूसुन्तो** (पंचमी बहुवचन)

मइ (स्त्री.) (मइ+त्तो, ओ, उ, हिन्तो, सुन्तो) = **मईत्तो→मइत्तो, मईओ, मईउ, मईहिन्तो, मईसुन्तो** (पंचमी बहुवचन)

लच्छी (स्त्री.) (लच्छी+त्तो, ओ, उ, हिन्तो, सुन्तो) = **लच्छीत्तो→ लच्छित्तो, लच्छीओ, लच्छीउ, लच्छीहिन्तो, लच्छीसुन्तो** (पंचमी बहुवचन)

धेणु (स्त्री.) (धेणु+त्तो, ओ, उ, हिन्तो, सुन्तो) = **धेणूत्तो→धेणुत्तो, धेणूओ, धेणूउ, धेणूहिन्तो, धेणूसुन्तो** (पंचमी बहुवचन)

बहू (स्त्री.) (बहू+त्तो, ओ, उ, हिन्तो, सुन्तो) = **बहूत्तो→बहुत्तो, बहूओ, बहूउ, बहूहिन्तो, बहूसुन्तो** (पंचमी बहुवचन)

नोट– दीर्घ स्वर के आगे यदि संयुक्त अक्षर हो तो दीर्घ स्वर का ह्रस्व हो जाता है।

(ग) **प्राकृत भाषा** में इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त पुल्लिंग, इकारान्त-उकारान्त नपुंसकलिंग व इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के सप्तमी विभक्ति बहुवचन में **'सु'** और **'सुं'** प्रत्यय जोड़ने पर **ह्रस्व स्वर का दीर्घ हो जाता है और दीर्घ दीर्घ ही रहता है।** जैसे-

सप्तमी बहुवचन 7/2

हरि (पु.) (हरि+सु, सुं) = **हरीसु, हरीसुं** (सप्तमी बहुवचन)

गामणी(पु.)(गामणी+सु, सुं) = **गामणीसु, गामणीसुं** (सप्तमी बहुवचन)

साहु (पु.) (साहु+सु, सुं) = **साहूसु, साहूसुं** (सप्तमी बहुवचन)

सयंभू (पु.) (सयंभू++सु, सुं) = **सयंभूसु, सयंभूसुं** (सप्तमी बहुवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वारि (नपुं.)(वारि+सु, सुं) = **वारीसु, वारीसुं** (सप्तमी बहुवचन)
महु (नपुं.)(महु+सु, सुं) = **महूसु, महूसुं** (सप्तमी बहुवचन)

मइ (स्त्री.)(मइ+सु, सुं) = **मईसु, मईसुं** (सप्तमी बहुवचन)
लच्छी(स्त्री.)(लच्छी+सु, सुं) = **लच्छीसु, लच्छीसुं** (सप्तमी बहुवचन)
धेणु (स्त्री.)(धेणु+सु, सुं) = **धेणूसु, धेणूसुं** (सप्तमी बहुवचन)
बहू (स्त्री.) (बहू++सु, सुं) = **बहूसु, बहूसुं** (सप्तमी बहुवचन)

इकारान्त-ईकारान्त, उकारान्त-ऊकारान्त (पु., स्त्री.)
द्वितीया बहुवचन 2/2

12. **प्राकृत भाषा** में इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त पुल्लिंग और इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के द्वितीया विभक्ति बहुवचन में **ह्रस्व स्वर का दीर्घ हो जाता है और दीर्घ दीर्घ ही रहता है।** जैसे-

हरि (पु.) हरि का अंतिम स्वर दीर्घ होने पर = **हरी** (द्वितीया बहुवचन)
गामणी (पु.) गामणी का अंतिम स्वर दीर्घ दीर्घ ही रहता है = **गामणी** (द्वितीया बहुवचन)
साहु (पु.) साहु का अंतिम स्वर दीर्घ होने पर = **साहू** (द्वितीया बहुवचन)
सयंभू (पु.) सयंभू का अंतिम स्वर दीर्घ दीर्घ ही रहता है = **सयंभू** (द्वितीया बहुवचन)

मइ (स्त्री.) मइ का अंतिम स्वर दीर्घ होने पर = **मई** (द्वितीया बहुवचन)
लच्छी (स्त्री.) लच्छी का अंतिम स्वर दीर्घ दीर्घ ही रहता है = **लच्छी** (द्वितीया बहुवचन)
धेणु (स्त्री.) धेणु का अंतिम स्वर दीर्घ होने पर = **धेणू** (द्वितीया बहुवचन)
बहू (स्त्री.) बहू का अंतिम स्वर दीर्घ दीर्घ ही रहता है = **बहू** (द्वितीया बहुवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त (पु., स्त्री.)

प्रथमा एकवचन 1/1

13. **प्राकृत भाषा** में इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त पुल्लिंग और इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के प्रथमा विभक्ति एकवचन में **ह्रस्व स्वर का दीर्घ हो जाता है और दीर्घ दीर्घ ही रहता है।** जैसे-

हरि (पु.) हरि का अंतिम स्वर दीर्घ होने पर = **हरी** (प्रथमा एकवचन)

गामणी (पु.) गामणी का अंतिम स्वर दीर्घ दीर्घ ही रहता है = **गामणी** (प्रथमा एकवचन)

साहु (पु.) साहु का अंतिम स्वर दीर्घ होने पर = **साहू** (प्रथमा एकवचन)

सयंभू (पु.) सयंभू का अंतिम स्वर दीर्घ दीर्घ ही रहता है = **सयंभू** (प्रथमा एकवचन)

मइ (स्त्री.) मइ का अंतिम स्वर दीर्घ होने पर = **मई** (प्रथमा एकवचन)

लच्छी (स्त्री.) लच्छी का अंतिम स्वर दीर्घ दीर्घ ही रहता है = **लच्छी** (प्रथमा एकवचन)

धेणु (स्त्री.) धेणु का अंतिम स्वर दीर्घ होने पर = **धेणू** (प्रथमा एकवचन)

बहू (स्त्री.) बहू का अंतिम स्वर दीर्घ दीर्घ ही रहता है = **बहू** (प्रथमा एकवचन)

इकारान्त-ईकारान्त, उकारान्त-ऊकारान्त (पु.)

प्रथमा बहुवचन 1/2

14. **प्राकृत भाषा** में इ-ईकारान्त व उ-ऊकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के प्रथमा विभक्ति बहुवचन में '**अउ**' और '**अओ**' प्रत्यय <u>विकल्प से</u> जोड़े जाते हैं। जैसे-

हरि (पु.) (हरि+अउ, अओ) = **हरउ, हरओ** (प्रथमा बहुवचन)

अन्य रूप - **हरी, हरिणो**

गामणी (पु.)(गामणी+अउ,अओ) = **गामणउ, गामणओ** (प्रथमा बहुवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अन्य रूप - **गामणी, गामणिणो**

साहु (पु.) (साहु+अउ, अओ) = **साहउ, साहओ** (प्रथमा बहुवचन)

अन्य रूप - **साहू, साहुणो, साहवो**

सयंभू (पु.) (सयंभू+अउ, अओ) = **सयंभउ, सयंभओ** (प्रथमा बहुवचन)

अन्य रूप - **सयंभू, संयभुणो, सयंभवो**

उकारान्त-ऊकारान्त (पु.)

प्रथमा बहुवचन 1/2

15. **प्राकृत भाषा** में उ-ऊकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के प्रथमा विभक्ति बहुवचन में विकल्प से **'अवो'** प्रत्यय जोड़ा जाता है। जैसे-

साहु (पु.) (साहु+ अवो) = **साहवो** (प्रथमा बहुवचन)

अन्य रूप - **साहू, साहउ, साहओ , साहुणो**

सयंभू (पु.) (सयंभू+अवो) = **सयंभवो** (प्रथमा बहुवचन)

अन्य रूप - **सयंभू, सयंभउ, सयंभओ, सयंभुणो**

इकारान्त-ईकारान्त, उकारान्त-ऊकारान्त (पु.)

(क) प्रथमा बहुवचन 1/2 (ख) द्वितीया बहुवचन 2/2

16. **प्राकृत भाषा** में इ-ईकारान्त व उ-ऊकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के प्रथमा विभक्ति बहुवचन व द्वितीया विभक्ति बहुवचन में विकल्प से **'णो'** प्रत्यय भी जोड़ा जाता है। प्रत्यय जोड़ने के पूर्व शब्द का अंतिम **दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है और ह्रस्व स्वर ह्रस्व ही रहता है।** जैसे-

प्रथमा बहुवचन 1/2

(क) हरि (पु.) (हरि+णो) = **हरिणो** (प्रथमा बहुवचन)

अन्य रूप - **हरी, हरउ, हरओ**

गामणी (पु.) (गामणी→गामणि+णो) = **गामणिणो** (प्रथमा बहुवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अन्य रूप - **गामणी, गामणउ, गामणओ**

साहु (पु.) (साहु+णो) = **साहुणो** (प्रथमा बहुवचन)

अन्य रूप - **साहू, साहउ, साहओ, साहवो**

सयंभू (पु.) (सयंभू→सयंभु+णो) = **सयंभुणो** (प्रथमा बहुवचन)

अन्य रूप - **सयंभू, सयंभउ, सयंभओ, सयंभवो**

द्वितीया बहुवचन 2/2

(ख) हरि (पु.) (हरि+णो) = **हरिणो** (द्वितीया बहुवचन)

अन्य रूप - **हरी**

गामणी (पु.) (गामणी→गामणि+णो) = **गामणिणो** (द्वितीया बहुवचन)

अन्य रूप - **गामणी**

साहु (पु.) (साहु+णो) = **साहुणो** (द्वितीया बहुवचन)

अन्य रूप - **साहु**

सयंभू (पु.) (सयंभू→सयंभु+णो) = **सयंभुणो** (द्वितीया बहुवचन)

अन्य रूप - **सयंभू**

इकारान्त-ईकारान्त, उकारान्त-ऊकारान्त (पु.)

इकारान्त, उकारान्त (नपुं.)

(क) पंचमी एकवचन 5/1 (ख) षष्ठी एकवचन 6/1

17. **प्राकृत भाषा** में इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त पुल्लिंग व इकारान्त, उकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों के पंचमी विभक्ति एकवचन व षष्ठी विभक्ति एकवचन में विकल्प से **'णो'** प्रत्यय भी जोड़ा जाता है। प्रत्यय जोड़ने के पूर्व शब्द का अंतिम **दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है और ह्रस्व स्वर ह्रस्व ही रहता है।** जैसे-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पंचमी एकवचन 5/1

(क) हरि (पु.) (हरि+णो) = **हरिणो** (पंचमी एकवचन)

अन्य रूप - **हरित्तो, हरीओ, हरीउ, हरीहिन्तो**

गामणी (पु.) (गामणी→गामणि+णो) = **गामणिणो** (पंचमी एकवचन)

अन्य रूप - **गामणित्तो, गामणीओ, गामणीउ, गामणीहिन्तो**

साहु (पु.) (साहु+णो) = **साहुणो** (पंचमी एकवचन)

अन्य रूप - **साहुत्तो, साहूओ, साहूउ, साहूहिन्तो**

सयंभू (पु.) (सयंभू→सयंभु+णो) = **सयंभुणो** (पंचमी एकवचन)

अन्य रूप - **सयंभुत्तो, सयंभूओ, सयंभूउ, सयंभूहिन्तो**

वारि (नपुं.) (वारि+णो) = **वारिणो** (पंचमी एकवचन)

अन्य रूप - **वारित्तो, वारीओ, वारीउ, वारीहिन्तो**

महु (नपुं.) (महु+णो) = **महुणो** (पंचमी एकवचन)

अन्य रूप - **महुत्तो, महूओ, महूउ, महूहिन्तो**

षष्ठी एकवचन 6/1

(ख) हरि (पु.) (हरि+णो) = **हरिणो** (षष्ठी एकवचन)

अन्य रूप - **हरिस्स**

गामणी (पु.) (गामणी→गामणि+णो) = **गामणिणो** (षष्ठी एकवचन)

अन्य रूप - **गामणिस्स**

साहु (पु.) (साहु+णो) = **साहुणो** (षष्ठी एकवचन)

अन्य रूप - **साहुस्स**

सयंभू (पु.) (सयंभू→सयंभु+णो) = **सयंभुणो** (षष्ठी एकवचन)

अन्य रूप - **सयंभुस्स**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वारि (नपुं.) (वारि+णो) = **वारिणो** (षष्ठी एकवचन)

अन्य रूप - **वारिस्स**

महु (नपुं.) (महु+णो) = **महुणो** (षष्ठी एकवचन)

अन्य रूप - **महुस्स**

इकारान्त-ईकारान्त, उकारान्त-ऊकारान्त (पु.)
इकारान्त, उकारान्त (नपुं.)
तृतीया एकवचन 3/1

18. **प्राकृत भाषा** में इकारान्त-ईकारान्त, उकारान्त-ऊकारान्त पुल्लिंग व इकारान्त, उकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों के तृतीया विभक्ति एकवचन में **'णा'** प्रत्यय जोड़ा जाता है। प्रत्यय जोड़ने के पूर्व शब्द का अंतिम **दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है और ह्रस्व स्वर ह्रस्व ही रहता है।** जैसे-

हरि (पु.) (हरि+णा) = **हरिणा** (तृतीया एकवचन)

गामणी (पु.) (गामणी→गामणि+णा) = **गामणिणा** (तृतीया एकवचन)

साहु (पु.) (साहु+णा) = **साहुणा** (तृतीया एकवचन)

सयंभू (पु.) (सयंभू→सयंभु+णा) = **सयंभुणा** (तृतीया एकवचन)

वारि (नपुं.) (वारि+णा) = **वारिणा** (तृतीया एकवचन)

महु (नपुं.) (महु+णा) = **महुणा** (तृतीया एकवचन)

अकारान्त, इकारान्त, उकारान्त (नपुं.)
प्रथमा एकवचन 1/1

19. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त, इकारान्त और उकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों के प्रथमा विभक्ति एकवचन में **'अनुस्वार'** (ं) जोड़ा जाता है। जैसे-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कमल (नपुं.) (कमल+ं) = **कमलं** (प्रथमा एकवचन)

वारि (नपुं.) (वारि+ं) = **वारिं** (प्रथमा एकवचन)

महु (नपुं.) (महु+ं) = **महुं** (प्रथमा एकवचन)

अकारान्त, इकारान्त, उकारान्त (नपुं.)

(क) प्रथमा बहुवचन 1/2 (ख) द्वितीया बहुवचन 2/2

20. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त, इकारान्त और उकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों के प्रथमा विभक्ति बहुवचन व द्वितीया विभक्ति बहुवचन में **'इँ'**, **'इं'** और **'णि'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। प्रत्यय जोड़ने के पूर्व शब्द का अंतिम **ह्रस्व स्वर दीर्घ हो जाता है।** जैसे-

प्रथमा बहुवचन 1/2

(क) कमल (नपुं.) (कमल→कमला+इँ, इं, णि)= **कमलाइँ, कमलाइं, कमलाणि** (प्रथमा बहुवचन)

वारि (नपुं.) (वारि→वारी+इँ, इं, णि) = **वारीइँ, वारीइं, वारीणि** (प्रथमा बहुवचन)

महु (नपुं.)(महु→महू+इँ, इं, णि)= **महूइँ, महूइं, महूणि** (प्रथमा बहुवचन)

द्वितीया बहुवचन 2/2

(ख) कमल(नपुं.)(कमल→कमला+इँ, इं, णि)= **कमलाइँ, कमलाइं, कमलाणि** (द्वितीया बहुवचन)

वारि (नपुं.)(वारि→वारी+इँ, इं, णि) = **वारीइँ, वारीइं, वारीणि** (द्वितीया बहुवचन)

महु (नपुं.)(महु→महू+इँ, इं, णि)=**महूइँ, महूइं, महूणि** (द्वितीया बहुवचन)

अकारान्त (नपुं.)

द्वितीया एकवचन 2/1

21. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों के द्वितीया विभक्ति

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

एकवचन में **अनुस्वार (ं)** जोड़ा जाता है। जैसे-

कमल (नपुं.) (कमल+ं) = **कमलं** (द्वितीया एकवचन)

अकारान्त (नपुं.)

तृतीया एकवचन 3/1

22.(i) **प्राकृत भाषा** में अकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों के तृतीया विभक्ति एकवचन में अन्त्य **'अ'** का **'ए'** करके उसमें **'ण' और 'णं'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-

कमल (नपुं.) (कमले+ण, णं) = **कमलेण, कमलेणं** (तृतीया एकवचन)

षष्ठी बहुवचन 6/2

(ii) **प्राकृत भाषा** में अकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों के षष्ठी विभक्ति बहुवचन में अन्त्य **'अ'** का **'आ'** करके उसमें **'ण' और 'णं'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-

कमल (नपुं.) (कमला+ण, णं) = **कमलाण, कमलाणं** (षष्ठी बहुवचन)

अकारान्त (नपुं.) तृतीया बहुवचन 3/2

23. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों के तृतीया विभक्ति बहुवचन में अन्त्य **'अ'** का **'ए'** करके उसमें **'हि', 'हिं'** और **'हिं'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-

कमल (नपुं.) (कमले+हि,हिं,हिं) = **कमलेहि, कमलेहिं, कमलेहिं**

(तृतीया बहुवचन)

अकारान्त (नपुं.) पंचमी एकवचन 5/1

24. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों के पंचमी विभक्ति एकवचन में अन्त्य **'अ'** का **'आ'** करके उसमें **'त्तो', 'दो→ओ', 'दु→उ', 'हि', 'हिन्तो'** और **'शून्य'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-

कमल (नपुं.) (कमला+त्तो, ओ, उ, हि, हिन्तो, 0) = **कमलात्तो→**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कमलत्तो, कमलाओ, कमलाउ, कमलाहि, कमलाहिन्तो, कमला
(पंचमी एकवचन)

नोट- दीर्घ स्वर के आगे यदि संयुक्त अक्षर हो तो दीर्घ स्वर का ह्रस्व हो जाता है।

अकारान्त (नपुं.)
पंचमी बहुवचन 5/2

25.(i) **प्राकृत भाषा** में अकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों के पंचमी विभक्ति बहुवचन में अन्त्य '**अ**' का '**आ**' करके उसमें '**त्तो**', '**दो→ओ**', '**दु→उ**', '**हि**', '**हिन्तो**' और '**सुन्तो**' प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-
कमल (नपुं.) (कमला+त्तो, ओ, उ, हि, हिन्तो, सुन्तो) = **कमलात्तो→ कमलत्तो, कमलाओ, कमलाउ, कमलाहि, कमलाहिन्तो, कमलासुन्तो** (पंचमी बहुवचन)

नोट- दीर्घ स्वर के आगे यदि संयुक्त अक्षर हो तो दीर्घ स्वर का ह्रस्व हो जाता है।

(ii) **प्राकृत भाषा** में अकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों के पंचमी विभक्ति बहुवचन में अन्त्य '**अ**' का '**ए**' करके उसमें '**हि**', '**हिन्तो**' और '**सुन्तो**' प्रत्यय भी जोड़े जाते हैं। जैसे-
कमल (नपुं.) (कमले+हि, हिन्तो, सुन्तो) = **कमलेहि, कमलेहिन्तो, कमलेसुन्तो** (पंचमी बहुवचन)

अकारान्त (नपुं.)
षष्ठी एकवचन 6/1

26. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों के षष्ठी विभक्ति एकवचन में '**स्स**' प्रत्यय जोड़ा जाता है। जैसे-
कमल (नपुं.) (कमल+स्स) = **कमलस्स** (षष्ठी एकवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अकारान्त (नपुं.)

सप्तमी एकवचन 7/1

27. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों के सप्तमी विभक्ति एकवचन में **'ए'** और **'म्मि'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-

कमल (नपुं.) (कमल+ए, म्मि) = **कमले, कमलम्मि** (सप्तमी एकवचन)

अकारान्त (नपुं.)

सप्तमी बहुवचन 7/2

28. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों के सप्तमी विभक्ति बहुवचन में अन्त्य **'अ'** का **'ए'** करके उसमें **'सु'** और **'सुं'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-

कमल (नपुं.) (कमले+सु, सुं) = **कमलेसु, कमलेसुं** (सप्तमी बहुवचन)

आकारान्त, इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त (स्त्री.)

(क) प्रथमा बहुवचन 1/2 (ख) द्वितीया बहुवचन 2/2

29. **प्राकृत भाषा** में आकारान्त, इ-ईकारान्त और उ-ऊकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के प्रथमा विभक्ति बहुवचन तथा द्वितीया विभक्ति बहुवचन में विकल्प से **'उ'** और **'ओ'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। प्रत्यय जोड़ने के पूर्व शब्द का अंतिम **ह्रस्व स्वर दीर्घ हो जाता है और दीर्घ स्वर दीर्घ ही रहता है।** जैसे-

प्रथमा बहुवचन 1/2

(क) कहा (स्त्री.) (कहा+उ, ओ) = **कहाउ, कहाओ** (प्रथमा बहुवचन)

अन्य रूप - **कहा**

मइ (स्त्री.) (मइ→मई+उ, ओ) = **मईउ, मईओ** (प्रथमा बहुवचन)

अन्य रूप - **मई**

लच्छी (स्त्री.) (लच्छी+उ, ओ)= **लच्छीउ, लच्छीओ** (प्रथमा बहुवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अन्य रूप - **लच्छी, लच्छीआ**

धेणु (स्त्री.) (धेणु→धेणू+उ, ओ) = **धेणूउ, धेणूओ** (प्रथमा बहुवचन)

अन्य रूप - **धेणू**

बहू (स्त्री.) (बहू+उ, ओ)) = **बहूउ, बहूओ** (प्रथमा बहुवचन)

अन्य रूप - **बहू**

द्वितीया बहुवचन 2/2

(ख) कहा (स्त्री.)(कहा+उ, ओ)) = **कहाउ, कहाओ** (द्वितीया बहुवचन)

अन्य रूप - **कहा**

मइ (स्त्री.) (मइ→मई+उ, ओ) = **मईउ, मईओ** (द्वितीया बहुवचन)

अन्य रूप - **मई**

लच्छी (स्त्री.) (लच्छी+उ, ओ))= **लच्छीउ, लच्छीओ** (द्वितीया बहुवचन)

अन्य रूप - **लच्छी, लच्छीआ**

धेणु (स्त्री.) (धेणु→धेणू+उ, ओ)) = **धेणूउ, धेणूओ** (द्वितीया बहुवचन)

अन्य रूप - **धेणू**

बहू (स्त्री.) (बहू+उ, ओ)) = **बहूउ, बहूओ** (द्वितीया बहुवचन)

अन्य रूप - **बहू**

ईकारान्त (स्त्री.)

प्रथमा एकवचन 1/1, प्रथमा बहुवचन 1/2, द्वितीया बहुवचन 2/2

30. **प्राकृत भाषा** में ईकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के प्रथमा विभक्ति एकवचन व बहुवचन तथा द्वितीया विभक्ति बहुवचन में '**आ**' प्रत्यय विकल्प से जोड़ा जाता है। जैसे-

प्रथमा एकवचन 1/1

लच्छी (स्त्री.) (लच्छी+आ) = **लच्छीआ** (प्रथमा एकवचन)

अन्य रूप - **लच्छी**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रथमा बहुवचन 1/2

लच्छी (स्त्री.) (लच्छी+आ) = **लच्छीआ** (प्रथमा बहुवचन)

अन्य रूप - **लच्छी, लच्छीउ, लच्छीओ**

द्वितीया बहुवचन 2/2

लच्छी (स्त्री.) (लच्छी+आ) = **लच्छीआ** (द्वितीया बहुवचन)

अन्य रूप - **लच्छी, लच्छीउ, लच्छीओ**

आकारान्त, इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त (स्त्री.)

(क) तृतीया एकवचन 3/1 (ख) षष्ठी एकवचन 6/1

(ग) सप्तमी एकवचन 7/1 (घ) पंचमी एकवचन 5/1

31. **प्राकृत भाषा** में आकारान्त, इ-ईकारान्त और उ-ऊकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के तृतीया विभक्ति एकवचन, षष्ठी विभक्ति एकवचन तथा सप्तमी विभक्ति एकवचन में **'अ', 'आ', 'इ'** और **'ए'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। प्रत्यय जोड़ने के पूर्व शब्द का अंतिम **ह्रस्व स्वर दीर्घ हो जाता है और दीर्घ स्वर दीर्घ ही रहता है। आकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों में 'आ' प्रत्यय नहीं जोड़ा जाता है।** जैसे-

तृतीया एकवचन 3/1

(क) कहा (स्त्री.) (कहा+अ, इ, ए) = **कहाअ, कहाइ, कहाए** (तृतीया एकवचन)

मइ (स्त्री.) (मइ→मई+अ, आ, इ, ए) = **मईअ, मईआ, मईइ,मईए** (तृतीया एकवचन)

लच्छी (स्त्री.) (लच्छी+अ, आ, इ, ए) = **लच्छीअ, लच्छीआ, लच्छीइ, लच्छीए** (तृतीया एकवचन)

धेणु (स्त्री.) (धेणु→धेणू+अ,आ,इ,ए)=**धेणूअ,धेणूआ,धेणूइ,धेणूए** (तृतीया एकवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

बहू (स्त्री.) (बहू+अ,आ,इ,ए) = **बहूअ, बहूआ, बहूइ, बहूए**
(तृतीया एकवचन)

षष्ठी एकवचन 6/1

(ख) कहा (स्त्री.) (कहा+अ, इ, ए) = **कहाअ, कहाइ, कहाए** (षष्ठी एकवचन)

मइ (स्त्री.) (मइ→मई+अ, आ, इ, ए) = **मईअ, मईआ, मईइ, मईए**
(षष्ठी एकवचन)

लच्छी (स्त्री.) (लच्छी+अ, आ, इ, ए) = **लच्छीअ, लच्छीआ, लच्छीइ, लच्छीए** (षष्ठी एकवचन)

धेणु (स्त्री.) (धेणु→धेणू+अ,आ,इ,ए)= **धेणूअ, धेणूआ, धेणूइ, धेणूए**
(षष्ठी एकवचन)

बहू (स्त्री.) (बहू+अ,आ,इ,ए)=**बहूअ, बहूआ, बहूइ, बहूए**
(षष्ठी एकवचन)

सप्तमी एकवचन 7/1

(ग) कहा (स्त्री.) (कहा+अ, इ, ए) = **कहाअ, कहाइ, कहाए** (सप्तमी एकवचन)

मइ (स्त्री.) (मइ→मई+अ, आ, इ, ए) = **मईअ, मईआ, मईइ, मईए**
(सप्तमी एकवचन)

लच्छी (स्त्री.) (लच्छी+अ, आ, इ, ए) = **लच्छीअ, लच्छीआ, लच्छीइ, लच्छीए** (सप्तमी एकवचन)

धेणु (स्त्री.) (धेणु→धेणू+अ,आ,इ,ए)= **धेणूअ, धेणूआ, धेणूइ, धेणूए**
(सप्तमी एकवचन)

बहू (स्त्री.) (बहू+अ,आ,इ,ए)=**बहूअ,बहूआ,बहूइ,बहूए** (सप्तमी एकवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(घ) **प्राकृत भाषा** में आकारान्त, इ-ईकारान्त और उ-ऊकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के पंचमी विभक्ति एकवचन में विकल्प से **'अ', 'आ', 'इ'** और **'ए'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। प्रत्यय जोड़ने के पूर्व शब्द का अंतिम **ह्रस्व स्वर दीर्घ हो जाता है और दीर्घ स्वर दीर्घ ही रहता है। आकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों में 'आ' प्रत्यय नहीं जोड़ा जाता है।** जैसे-

कहा (स्त्री.) (कहा+अ, इ, ए) = **कहाअ, कहाइ, कहाए** (पंचमी एकवचन)

अन्य रूप - **कहत्तो, कहाओ, कहाउ, कहाहिन्तो**

मइ (स्त्री.) (मइ→मई+अ, आ, इ, ए) = **मईअ, मईआ, मईइ, मईए** (पंचमी एकवचन)

अन्य रूप - **मइत्तो, मईओ, मईउ, मईहिन्तो**

लच्छी (स्त्री.) (लच्छी+अ, आ, इ, ए) = **लच्छीअ, लच्छीआ, लच्छीइ, लच्छीए** (पंचमी एकवचन)

अन्य रूप - **लच्छित्तो, लच्छीओ, लच्छीउ, लच्छीहिन्तो**

धेणु (स्त्री.) (धेणु→धेणू+अ,आ,इ,ए)=**धेणूअ, धेणूआ, धेणूइ, धेणूए** (पंचमी एकवचन)

अन्य रूप - **धेणुत्तो, धेणूओ, धेणूउ, धेणूहिन्तो**

बहू (स्त्री.) (बहू+अ,आ,इ,ए) = **बहूअ, बहूआ, बहूइ, बहूए** (पंचमी एकवचन)

अन्य रूप - **बहुत्तो, बहूओ, बहूउ, बहूहिन्तो**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आकारान्तं, इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त (स्त्री.)
द्वितीया एकवचन 2/1

32. **प्राकृत भाषा** में आकारान्त, ईकारान्त और ऊकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के द्वितीया विभक्ति एकवचन में **'अनुस्वार'** (ं) जोड़ने पर **दीर्घ स्वर का ह्रस्व हो जाता है।** जैसे-

कहा (स्त्री.) (कहा+ं) = **कहं** (द्वितीया एकवचन)

लच्छी (स्त्री.) (लच्छी+ं) = **लच्छिं** (द्वितीया एकवचन)

बहू (स्त्री.) (बहू+ं) = **बहुं** (द्वितीया एकवचन)

---

33. **प्राकृत भाषा** में **ससा** (बहिन), **णणंदा** (ननद अर्थात् पति की बहिन), **धूआ** (पुत्री) और **दुहिआ** (पुत्री) आदि आकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के रूप **कहा** के अनुसार चलेंगे।

अकारान्त, इकारान्त, उकारान्त (नपुं.)
सम्बोधन एकवचन 8/1

34. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त, इकारान्त और उकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों के संबोधन एकवचन में अनुस्वार नहीं होता है। जैसे-
कमल (नपुं.) हे **कमल** (संबोधन एकवचन)
वारि (नपुं.) हे **वारि** (संबोधन एकवचन)
महु (नपुं.) हे **महु** (संबोधन एकवचन)

अकारान्त, इकारान्त, उकारान्त (पु.)
सम्बोधन एकवचन 8/1

35.(i) **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के संबोधन एकवचन में **'ओ'** और **'दीर्घ'** विकल्प से जोड़े जाते हैं। जैसे-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

देव (पु.) (हे देव+ओ) = **हे देवो** (संबोधन एकवचन)

देव (पु.) (हे देव+दीर्घ) = **हे देवा** (संबोधन एकवचन)

अन्य रूप - **हे देव**

(ii) **प्राकृत भाषा** में इकारान्त, उकारान्त पुल्लिंग व स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के संबोधन एकवचन में **'दीर्घ'** विकल्प से जोड़ा जाता है। जैसे-

सम्बोधन एकवचन 8/1

हरि (पु.) (हे हरि+दीर्घ) = **हे हरी** (संबोधन एकवचन)

अन्य रूप - **हे हरि**

साहु (पु.) (हे साहु+दीर्घ) = **हे साहू** (संबोधन एकवचन)

अन्य रूप - **हे साहु**

मइ (स्त्री.) (हे मइ+दीर्घ) = **हे मई** (संबोधन एकवचन)

अन्य रूप - **हे मइ**

धेणु (स्त्री.) (हे धेणु+दीर्घ) = **हे धेणू** (संबोधन एकवचन)

अन्य रूप - **हे धेणु**

आकारान्त (स्त्री.)

सम्बोधन एकवचन 8/1

36. **प्राकृत भाषा** में आकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के संबोधन एकवचन में **'ए'** प्रत्यय विकल्प से जोड़ा जाता है। जैसे-

कहा (स्त्री.) (हे कहा+ए) = **हे कहे** (संबोधन एकवचन)

अन्य रूप - **हे कहा**

ईकारान्त, ऊकारान्त (पु., स्त्री.)

सम्बोधन एकवचन 8/1

37. **प्राकृत भाषा** में ईकारान्त व ऊकारान्त पुल्लिंग, स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के संबोधन एकवचन में **'दीर्घ स्वर ह्रस्व'** हो जाता है। जैसे-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

गामणी (पु.) **हे गामणि** (संबोधन एकवचन)
सयंभू (पु.) **हे सयंभु** (संबोधन एकवचन)
लच्छी (स्त्री.) **हे लच्छि** (संबोधन एकवचन)
बहू (स्त्री.) **हे बहु** (संबोधन एकवचन)

---

38. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त संज्ञा शब्दों के अतिरिक्त आकारान्त, इकारान्त-ईकारान्त, उकारान्त-ऊकारान्त आदि शब्दों के जिस विभक्ति, वचन के प्रत्यय पूर्व नियमों में नहीं बताए गए हैं वहाँ उस विभक्ति व वचन में अकारान्त शब्दों के समान प्रत्यय लगते हैं। शब्द-रूप निम्न प्रकार होंगे।

इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त (पु.)

आकारान्त, इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त (स्त्री.)

प्रथमा बहुवचन 1/2, द्वितीया बहुवचन 2/2

प्राकृत भाषा में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के समान प्रथमा विभक्ति बहुवचन में इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त पुल्लिंग तथा आकारान्त, इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के **ह्रस्व स्वर का दीर्घ हो जाता है और दीर्घ स्वर दीर्घ ही रहता है**। जैसे-

प्रथमा बहुवचन 1/2

हरि (पु.) का अंतिम स्वर दीर्घ होने पर **हरी** (प्रथमा बहुवचन)
गामणी (पु.) गामणी का अंतिम स्वर दीर्घ दीर्घ ही रहता है = **गामणी** (प्रथमा बहुवचन)
साहु (पु.) साहु का अंतिम स्वर दीर्घ होने पर = **साहू** (प्रथमा बहुवचन)
सयंभू (पु.) सयंभू का अंतिम स्वर दीर्घ दीर्घ ही रहता है = **सयंभू** (प्रथमा बहुवचन)
कहा (स्त्री.) कहा का अंतिम स्वर दीर्घ होने पर = **कहा** (प्रथमा बहुवचन)
मइ (स्त्री.) मइ का अंतिम स्वर दीर्घ होने पर = **मई** (प्रथमा बहुवचन)
लच्छी (स्त्री.) लच्छी का अंतिम स्वर दीर्घ दीर्घ ही रहता है = **लच्छी** (प्रथमा बहुवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

धेणु (स्त्री.) धेणु का अंतिम स्वर दीर्घ होने पर = **धेणू** (प्रथमा बहुवचन)

बहू (स्त्री.) बहू का अंतिम स्वर दीर्घ दीर्घ ही रहता है = **बहू** (प्रथमा बहुवचन)

द्वितीया बहुवचन 2/2

प्राकृत भाषा में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के समान आकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के द्वितीया विभक्ति बहुवचन में **दीर्घ स्वर का दीर्घ ही रहता है।** जैसे-

कहा(स्त्री.)कहा का अंतिम स्वर दीर्घ दीर्घ ही रहता है = **कहा** (द्वितीया बहुवचन)

इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त (पु.)
इकारान्त, उकारान्त (नपुं.)
आकारान्त, इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त (स्त्री.)
द्वितीया एकवचन 2/1

39. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के समान इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त पुल्लिंग, इकारान्त, उकारान्त नपुंसकलिंग तथा आकारान्त, इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के द्वितीया विभक्ति एकवचन में **अनुस्वार** जोड़ने पर **दीर्घ स्वर का ह्रस्व हो जाता है और ह्रस्व का ह्रस्व ही रहता है।** जैसे-

हरि (पु.) (हरि+ं) = **हरिं** (द्वितीया एकवचन)

गामणी (पु.) (गामणी+ं) = **गामणिं** (द्वितीया एकवचन)

साहु (पु.) (साहु+ं) = **साहुं** (द्वितीया एकवचन)

सयंभू (पु.) (सयंभू+ं) = **सयंभुं** (द्वितीया एकवचन)

वारि (नपुं.) (वारि+ं) = **वारिं** (द्वितीया एकवचन)

महु (नपुं.) (महु+ं) = **महुं** (द्वितीया एकवचन)

कहा (स्त्री.) (कहा+ं) = **कहं** (द्वितीया एकवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

मइ (स्त्री.) (मइ+÷) = **मइं** (द्वितीया एकवचन)

लच्छी (स्त्री.) (लच्छी+÷) = **लच्छिं** (द्वितीया एकवचन)

धेणु (स्त्री.) (धेणु+÷) = **धेणुं** (द्वितीया एकवचन)

बहू (स्त्री.) (बहू+÷) = **बहुं** (द्वितीया एकवचन)

इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त (पु.)
इकारान्त, उकारान्त (नपुं.)
आकारान्त, इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त (स्त्री.)

40. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के समान इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त पुल्लिंग, इकारान्त, उकारान्त नपुंसकलिंग तथा आकारान्त, इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के पंचमी विभक्ति एकवचन में **'त्तो, ओ, उ और हिन्तो'** प्रत्यय जोड़ने पर **ह्रस्व स्वर का दीर्घ हो जाता है और दीर्घ स्वर दीर्घ** ही रहता है। जैसे-

पंचमी एकवचन 5/1

हरि (पु.) (हरि+त्तो, ओ, उ, हिन्तो) = **हरीत्तो→हरित्तो, हरीओ, हरीउ, हरीहिन्तो** (पंचमी एकवचन)

गामणी (पु.) (गामणी+त्तो, ओ, उ, हिन्तो) = **गामणीत्तो→ गामणित्तो, गामणीओ, गामणीउ, गामणीहिन्तो** (पंचमी एकवचन)

साहु (पु.) (साहु+त्तो, ओ, उ, हिन्तो) = **साहूत्तो→साहुत्तो, साहूओ, साहूउ, साहूहिन्तो** (पंचमी एकवचन)

सयंभू (पु.) (सयंभू+त्तो, ओ, उ, हिन्तो) = **सयंभूत्तो→सयंभुत्तो, सयंभूओ, सयंभूउ, सयंभूहिन्तो** (पंचमी एकवचन)

वारि (नपुं.) (वारि+त्तो, ओ, उ, हिन्तो) = **वारीत्तो→वारित्तो, वारीओ, वारीउ, वारीहिन्तो** (पंचमी एकवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

महु (नपुं.) (महु+त्तो, ओ, उ, हिन्तो) = **महूत्तो→महुत्तो, महूओ, महूउ, महूहिन्तो** (पंचमी एकवचन)

कहा (स्त्री.) (कहा+त्तो, ओ, उ, हिन्तो) = **कहात्तो→कहत्तो, कहाओ, कहाउ, कहाहिन्तो** (पंचमी एकवचन)

मइ (स्त्री.) (मइ+त्तो, ओ, उ, हिन्तो) = **मईत्तो→मइत्तो, मईओ, मईउ, मईहिन्तो** (पंचमी एकवचन)

लच्छी (स्त्री.) (लच्छी+त्तो, ओ, उ, हिन्तो) = **लच्छीत्तो→लच्छित्तो, लच्छीओ, लच्छीउ, लच्छीहिन्तो** (पंचमी एकवचन)

धेणु (स्त्री.) (धेणु+त्तो, ओ, उ, हिन्तो) = **धेणूत्तो→धेणुत्तो, धेणूओ, धेणूउ, धेणूहिन्तो** (पंचमी एकवचन)

बहू (स्त्री.) (बहू+त्तो, ओ, उ, हिन्तो) = **बहूत्तो→बहुत्तो, बहूओ, बहूउ, बहूहिन्तो** (पंचमी एकवचन)

नोट- दीर्घ स्वर के आगे यदि संयुक्त अक्षर हो तो दीर्घ स्वर का ह्रस्व हो जाता है।

इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त (पु.)
इकारान्त, उकारान्त (नपुं.)
षष्ठी एकवचन 6/1

41. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के समान इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त पुल्लिंग तथा इकारान्त, उकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों के षष्ठी विभक्ति एकवचन में **'स्स'** प्रत्यय जोड़ने पर **दीर्घ स्वर का ह्रस्व हो जाता है और ह्रस्व का ह्रस्व ही रहता है।** जैसे-

हरि (पु.) (हरि+स्स) = **हरिस्स** (षष्ठी एकवचन)

गामणी (पु.) (गामणी+स्स) = **गामणिस्स** (षष्ठी एकवचन)

साहु (पु.) (साहु+स्स) = **साहुस्स** (षष्ठी एकवचन)

सयंभू (पु.) (सयंभू+स्स) = **सयंभुस्स** (षष्ठी एकवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वारि (नपुं.) (वारि+स्स) =**वारिस्स** (षष्ठी एकवचन)

महु (नपुं.) (महु+स्स) = **महुस्स** (षष्ठी एकवचन)

इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त (पु.)
इकारान्त, उकारान्त (नपुं.)
आकारान्त, इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त (स्त्री.)

42. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के समान इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त पुल्लिंग, इकारान्त, उकारान्त नपुंसकलिंग तथा आकारान्त, इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के षष्ठी विभक्ति बहुवचन में **'ण** और **णं'** प्रत्यय जोड़ने पर **ह्रस्व स्वर का दीर्घ हो जाता है और दीर्घ स्वर दीर्घ** ही रहता है। जैसे-

षष्ठी बहुवचन 6/2

हरि (पु.) (हरि+ण, णं) = **हरीण, हरीणं** (षष्ठी बहुवचन)

गामणी (पु.) (गामणी+ण, णं) = **गामणीण, गामणीणं** (षष्ठी बहुवचन)

साहु (पु.) (साहु+ण, णं) = **साहूण, साहूणं** (षष्ठी बहुवचन)

सयंभू (पु.) (सयंभू+ण, णं) = **सयंभूण, सयंभूणं** (षष्ठी बहुवचन)

वारि (नपुं.) (वारि+ण, णं) = **वारीण, वारीणं** (षष्ठी बहुवचन)

महु (नपु.) (महु+ण, णं) = **महूण, महूणं** (षष्ठी बहुवचन)

कहा (स्त्री.) (कहा+ण, णं) = **कहाण, कहाणं** (षष्ठी बहुवचन)

मइ (स्त्री.) (मइ+ण, णं) = **मईण, मईणं** (षष्ठी बहुवचन)

लच्छी (स्त्री.) (लच्छी+ण, णं) = **लच्छीण, लच्छीणं** (षष्ठी बहुवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

धेणु (स्त्री.) (धेणु+ण, णं) = **धेणूण, धेणूणं** (षष्ठी बहुवचन)

बहू (स्त्री.) (बहू+ण, णं) = **बहूण, बहूणं** (षष्ठी बहुवचन)

इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त (पु.)
इकारान्त, उकारान्त (नपुं.) सप्तमी एकवचन 7/1

43. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्दों के समान इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त पुल्लिंग तथा इकारान्त, उकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों के सप्तमी विभक्ति एकवचन में **'म्मि'** प्रत्यय जोड़ने पर **दीर्घ स्वर का ह्रस्व हो जाता है और ह्रस्व का ह्रस्व ही रहता है।** जैसे-

हरि(पु.) (हरि+म्मि) = **हरिम्मि** (सप्तमी एकवचन)

गामणी (पु.) (गामणी+म्मि) = **गामणिम्मि** (सप्तमी एकवचन)

साहु (पु.) (साहु+म्मि) = **साहुम्मि** (सप्तमी एकवचन)

सयंभू (पु.) (सयंभू+म्मि) = **सयंभुम्मि** (सप्तमी एकवचन)

वारि(नपुं.) (वारि+म्मि) = **वारिम्मि** (सप्तमी एकवचन)

महु (नपुं.) (महु+म्मि) = **महुम्मि** (सप्तमी एकवचन)

आकारान्त (स्त्री.)
प्रथमा एकवचन 1/1, सम्बोधन बहुवचन 8/2

44. **प्राकृत भाषा** में आकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के प्रथमा एकवचन व संबोधन बहुवचन में **'शून्य'** प्रत्यय जोड़ा जाता है। जैसे-

कहा (स्त्री.) (कहा+0) = **कहा** (प्रथमा एकवचन)

कहा (स्त्री.) (कहा+0) = **कहा** (संबोधन बहुवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आकारान्त (स्त्री.) सप्तमी बहुवचन 7/2

45. **प्राकृत भाषा** में आकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के सप्तमी बहुवचन में '**सु**' और '**सुं**' प्रत्यय जोड़ा जाता है।

कहा (स्त्री.) (कहा+सु, सुं) = **कहासु , कहासुं** (सप्तमी बहुवचन)

अकारान्त, इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त (पु.)
अकारान्त, इकारान्त, उकारान्त (नपुं.)
आकारान्त,इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त (स्त्री.)
सम्बोधन बहुवचन 8/2

46. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त, इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त पुल्लिंग, अकारान्त, इकारान्त, उकारान्त नपुंसकलिंग, आकारान्त, इ-ईकारान्त, उ-ऊकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के संबोधन बहुवचन में निम्न रूप बनते हैं। जैसे-

देव (पु.) = **हे देवा** (संबोधन बहुवचन)

हरि (पु.) = **हे हरउ, हे हरओ, हे हरिणो, हे हरी** (संबोधन बहुवचन)

गामणी (पु.) = **हे गामणउ, हे गामणओ, हे गामणिणो, हे गामणी** (संबोधन बहुवचन)

साहु (पु.) = **हे साहउ, हे साहओ, हे साहुणो, हे साहवो, हे साहू** (संबोधन बहुवचन)

सयंभू (पु.) = **हे सयंभउ, हे सयंभओ, हे सयंभुणो, हे सयंभवो, हे सयंभू** (संबोधन बहुवचन)

कमल (नपुं.) = **हे कमलाइं, हे कमलाइँ, हे कमलाणि** (संबोधन बहुवचन)

वारि (नपुं.) = **हे वारीइं, हे वारीइँ, हे वारीणि** (संबोधन बहुवचन)

महु (नपुं.) = **हे महूइं, हे महूइँ, हे महूणि** (संबोधन बहुवचन)

कहा (स्त्री.) = **हे कहा, हे कहाउ, हे कहाओ** (संबोधन बहुवचन)

मई (स्त्री.) = **हे मई, हे मईउ, मईओ** (संबोधन बहुवचन)

लच्छी (स्त्री.) = **हे लच्छी, हे लच्छीउ, हे लच्छीओ, हे लच्छीआ** (संबोधन बहुवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

धेणु (स्त्री.) = हे **धेणू, हे धेणूउ, हे धेणूओ** (संबोधन बहुवचन)

बहू (स्त्री.) = हे **बहू, हे बहूउ, हे बहूओ** (संबोधन बहुवचन)

अकारान्त (पु., नपुं)

चतुर्थी एकवचन 4/1

47. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग व अकारान्त नपुंसकलिंग में चतुर्थी विभक्तिबोधक प्रत्ययों का अभाव होने से षष्ठी विभक्ति एकवचन में प्रयुक्त **'स्स'** तथा षष्ठी विभक्ति बहुवचन में अन्त्य **अ** का **आ** करके उसमें प्रयुक्त **'ण** और **णं'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-

देव (पु.) (देव+स्स) = **देवस्स** (चतुर्थी एकवचन)

कमल (नपुं.) (कमल+स्स) = **कमलस्स** (चतुर्थी एकवचन)

चतुर्थी बहुवचन 4/2

देव (पु.) (देवा+ण, णं) = **देवाण, देवाणं** (चतुर्थी बहुवचन)

कमल (नपुं.) (कमला+ण, णं) = **कमलाण, कमलाणं** (चतुर्थी बहुवचन)

अकारान्त (पु., नपुं)

चतुर्थी एकवचन 4/1

48. **प्राकृत भाषा** में अकारान्त पुल्लिंग तथा अकारान्त नपुंसकलिंग संज्ञा शब्दों के चतुर्थी विभक्ति एकवचन में विकल्प से **'आय'** प्रत्यय भी जोड़ा जाता है। जैसे-

देव (पु.) (देव+आय) = **देवाय** (चतुर्थी एकवचन)

अन्य रूप - **देवस्स**

कमल (नपुं.) (कमल+आय) = **कमलाय** (चतुर्थी एकवचन)

अन्य रूप - **कमलस्स**

❑❑❑

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विशिष्ट शब्द

प्राकृत भाषा में उपर्युक्त तेरह प्रकार के संज्ञा शब्दों के अतिरिक्त विशेष शब्दों का भी प्रयोग होता है जिनके रूप विशेष प्रकार से चलते हैं।

1. संज्ञावाचक पुल्लिंग शब्द - **पिउ** (पिता)
   भाउ (भाई) और **जामाउ** (दामाद) के रूप **पिउ** के समान चलेंगे।
2. विशेषणात्मक पुल्लिंग शब्द - **कत्तु** (करनेवाला)
   भत्तु (भरण-पोषण करनेवाला), **दाउ** (दाता/देनेवाला) के रूप **कत्तु** के समान चलेंगे।
3. स्त्रीलिंग शब्द - **माउ** (माता)
4. पुल्लिंग शब्द - **अप्प, अत्त** (आत्मा)
5. पुल्लिंग शब्द - **राय** (राजा)

---

1. (i) **प्राकृत भाषा** में पिता के लिए **'पिउ'** शब्द का प्रयोग हो तो प्रथमा एकवचन व द्वितीया एकवचन में रूप निम्न प्रकार होंगे। जैसे-
   प्रथमा एकवचन - **पिआ**
   द्वितीया एकवचन -**पिअरं**
   शेष रूप उकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्द **साहु** के अनुसार बनेंगे।
   इसी प्रकार **भाउ** (भाई) और **जामाउ** (दामाद) के रूप बनेंगे।
   (ii) **प्राकृत भाषा** में पिता के लिए **'पिअर'** शब्द का प्रयोग हो तो रूप अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्द **देव** के अनुसार बनेंगे।

---

2. (i) **प्राकृत भाषा** में विशेषणात्मक संज्ञा शब्द **'कत्तु'** (करनेवाला) का प्रयोग हो तो प्रथमा एकवचन व द्वितीया एकवचन में रूप निम्न प्रकार होंगे। जैसे-
   प्रथमा एकवचन - **कत्ता**

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

द्वितीया एकवचन - **कत्तारं**

शेष रूप उकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्द **साहु** के अनुसार बनेंगे।

इसी प्रकार **भत्तु** (भरण-पोषण करनेवाला) और **दाउ** (दाता/देनेवाला) के रूप **कत्तु** के समान बनेंगे।

(ii) **प्राकृत भाषा** में विशेषणात्मक संज्ञा शब्द **कत्तार** (करनेवाला) का प्रयोग होता है तो रूप अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्द **देव** के अनुसार बनेंगे।

---

3. (i) **प्राकृत भाषा** में जब **माता** के लिए **माउ** शब्द का प्रयोग हो तो प्रथमा एकवचन व द्वितीया एकवचन में रूप निम्न प्रकार होंगे। जैसे-

प्रथमा एकवचन - **माआ**

द्वितीया एकवचन - **माअरं**

शेष रूप उकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञा शब्द **धेणु** के अनुसार बनेंगे।

(ii) **प्राकृत भाषा** में जब **माता** के लिए **माया/माअरा** शब्द का प्रयोग हो तो रूप स्त्रीलिंग संज्ञा शब्द **कहा** के अनुसार बनेंगे।

(iii) **प्राकृत भाषा** में जब **माता** के लिए **माइ** शब्द का प्रयोग हो तो रूप स्त्रीलिंग संज्ञा शब्द **मइ** के अनुसार बनेंगे।

---

4. **प्राकृत भाषा** में राजा के लिए **राज, राय/राअ, रायाण** का प्रयोग होता है। इनमें से **राय/राअ** और **रायाण** के रूप अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्द **देव** की तरह बनेंगे।

---

5. **प्राकृत भाषा** में आत्मा के लिए **अप्प/अत्त, अप्पाण** और **अत्ताण** का प्रयोग होता है। **अप्प/अत्त, अप्पाण** और **अत्ताण** के रूप अकारान्त पुल्लिंग संज्ञा शब्द **देव** की तरह बनेंगे।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अकारान्त से भिन्न राज (राजा) के रूप निम्न प्रकार से भी बनेंगे।

राज (राजा)

प्रथमा एकवचन 1/1

6. **प्राकृत भाषा** में पुल्लिंग संज्ञा शब्द **राज** के प्रथमा विभक्ति एकवचन में **'आ'** विकल्प से जोड़ा जाता है। जैसे-

राज (पु.) (राज+आ) = **राजा→राया** (प्रथमा एकवचन)

अन्य रूप - **राओ**

रायो

रायाणो

प्रथमा बहुवचन 1/2, द्वितीया बहुवचन 2/2,

पंचमी एकवचन 5/1, षष्ठी एकवचन 6/1

7. (i) **प्राकृत भाषा** में पुल्लिंग संज्ञा शब्द राज के प्रथमा विभक्ति बहुवचन, द्वितीया विभक्ति बहुवचन, पंचमी विभक्ति एकवचन व षष्ठी विभक्ति एकवचन में राज के **ज** का **'इ'** करके **'णो'** प्रत्यय विकल्प से जोड़ा जाता है। जैसे-

प्रथमा बहुवचन 1/2

राज (पु.) (राइ+णो) = **राइणो** (प्रथमा बहुवचन)

अन्य रूप - **राया**

राआ

रायाणा

द्वितीया बहुवचन 2/2

राज (पु.) (राइ+णो) = **राइणो** (द्वितीया बहुवचन)

अन्य रूप - **राया, राये**

राआ, राए

रायाणा, रायाणे

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पंचमी एकवचन 5/1

राज (पु.) (राइ+णो) = **राइणो** (पंचमी एकवचन)

अन्य रूप - **रायत्तो, रायाओ, रायाउ, रायाहि, रायाहिन्तो, राया**
राअत्तो, राआओ, राआउ, राआहि, राआहिन्तो, राआ
रायाणत्तो, रायाणाओ, रायाणाउ, रायाणाहि, रायाणाहिन्तो, रायाणा

षष्ठी एकवचन 6/1

राज (पु.) (राइ+णो) = **राइणो** (षष्ठी एकवचन)

राज→राय (पु.) (राय+णो) = **रायणो** (षष्ठी एकवचन)

अन्य रूप - **रायस्स**

राअस्स

रायाणस्स

(ii) **प्राकृत भाषा** में पुल्लिंग संज्ञा शब्द राज के पंचमी विभक्ति एकवचन व षष्ठी विभक्ति एकवचन में राज के **आज** का **'अण्'** करके **'णो'** प्रत्यय विकल्प से जोड़ा जाता है। जैसे-

